संख्या-38/2021/38-6002(002)/5/2021-6

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-6 लखनऊ दिनांक 08 नवम्बर,2021

विषय- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत बजट प्राविधान के सापेक्ष नेशनल रूरल इकनॉमिक ट्रान्सफार्मेशन प्रोजेक्ट (एन0आर0ई0टी0पी0) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जरदोजी क्लस्टर प्रोजेक्ट जनपद बदायूं हेतु अवमुक्त केन्द्रांश के सापेक्ष मैचिंग राज्यांश निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम के पत्र संख्या-2373/1630-आजीविका/लेखा/2021-22 दिनांक 23-09-2021 के क्रम में अवगत कराना है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-एस-11051/2020-21/एनआरएलएम(एसवीईपी)/एनआरईटीपीईसी(एनआरईटीपी-1) दिनांक 12-03-2021 द्वारा अनुदान संख्या-13 (सामान्य मद) हेतु एन0आर0ई0टी0पी0 के अंतर्गत जरदोजी क्लस्टर प्रोजेक्ट जनपद बदायूं हेतु केन्द्रांश (60 प्रतिशत) धनराशि रूपये 100.69 लाख अवमुक्त किया गया है जिसे शासनादेश सं0-13/2021/182/38-6-21-02(एसआरएलएम)/2019 दिनांक 25-03-2021 द्वारा निर्गत कर दिया गया है। अवमुक्त केन्द्रांश के सापेक्ष मैचिंग राज्यांश 40 प्रतिशत धनराशि रूपये 67.12 लाख (रू0 सडसठ लाख बारह हजार मात्र) निर्गत किया जाना है। योजनान्तर्गत 60 प्रतिशत केंद्रांश एवं उसके सापेक्ष 40 प्रतिशत राज्यांश (के.60+रा.40) की व्यवस्था है।

2- अतएव इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य सरकार द्वारा की गई बजट व्यवस्था में से एन0आर0ई0टी0पी0 के अंतर्गत जरदोजी क्लस्टर प्रोजेक्ट जनपद बदायूं हेतु अनुदान संख्या-13 के अंतर्गत निर्गत केन्द्रांश के सापेक्ष मैचिंग राज्यांश धनराशि रूपये 67.12 लाख (रू0 सडसठ लाख बारह हजार मात्र) को अवमुक्त कर आयुक्त, ग्राम्य विकास के निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदया निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैः-

1. आंकडों की शुद्धता एवं धनराशि की अनुमन्यता एवं प्रश्नगत धनराशि की वित्तीय स्वीकृति पूर्व में निर्गत नहीं है, की पुष्टि का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा।

2. प्रश्नगत प्रस्ताव का परीक्षण बजट की उपलब्धदता के आधार पर किया गया है। प्रश्नगत धनराशि की स्वीकृति किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है, जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और फाइनेंशियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तलर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाए।

3. धनराशि का कोषागार से आहरण एकमुश्त न करते हुए आवश्याकतानुसार चरणों में किया जायेगा।

4. धनराशि का आहरण एवं व्यय योजना विषयक गाइड लाइन/दिशा निर्देश तथा इस संबंध में समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा।

5. स्वीकृत की गयी धनराशि के विरूद्ध निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्त होने व उसके परीक्षण/ सत्यापन सुनिश्चित किये जाने का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा।

6. स्वीकृत की जा रही धनराशि के नियम संगत व्यय व स्वीकृत धनराशियों के निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व् आयुक्त, ग्राम्य विकास/ मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा।

7. स्वीकृत की जा रही धनराशि को आहरित कर यदि किसी ऐसे खाते में रखा जाता है, जिसमें ब्याज अर्जित होता है, तो अर्जित ब्याज के नियमानुसार समायोजन/ निर्धारित लेखाशीर्षक में जमा कराने का दायित्व आयुक्त, ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा।

8. स्वीकृत की जा रही धनराशि से यथावश्याकता सामग्री, उपकरण आदि के क्रय हेतु सामग्री क्रय संबंधी संगत शासनादेशों में निर्धारित क्रय प्रक्रिया/व्यवस्थाओं का अनुसरण करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

9. धनराशि के आहरण एवं व्यय के संबंध में मितव्ययता संबंधी समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

10. आयुक्त, ग्राम्य विकास/मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है और न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है, अर्थात किसी प्रकार की द्विरावृत्ति न हो।

11. भारत सरकार के पत्र दिनांक 12-03-2021 में अंकित दिशा-निर्देशों/शर्तों का पूर्णत: अनुपालन किया जायेगा।

12. स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 एवं अन्य संगत शासनादेशों में दी गयी व्यवस्था का संज्ञान लेते हुए उसके अनुसार कार्यवाही/अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-13 के लेखाशीर्षक-2501-ग्राम विकास के लिए विशेष कार्यक्रम-01-समेकित ग्राम विकास कार्यक्रम-800-अन्य व्यय -02 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन-0201-स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (जिला योजना)(के.60/रा.40-के.+रा.)-27-सब्सिडी के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त(व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2 के अशासकीय संख्या-यू0ओ-ई-2-1873/ दस-2021-2021 दिनांक 29-10-2021में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

मनोज कुमार सिंह

अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार-</u>

प्रतिलिपि निम्नतलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- महालेखाकार(सिविल आडिट)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

3- सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय (स्किल डिवीजन), नई दिल्ली।

4- निदेशक, कोषागार/मुख्य् कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

5- मुख्य लेखा परीक्षाधिकारी, सहकारी समितियॉ एवं पंचायतें, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

6- मिशन निदेशक, यूपीएसआरएलएम, गोमती नगर, लखनऊ।

7- अपर आयुक्त, लेखा, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।

8- वित्तय (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-2/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

9- ग्राम्य विकास अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4

10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

विजय बहादुर वर्मा

संयुक्त सचिव।